यद्यपि इस समग उचरायण-परिवर्तन ठीक ठीक मकर संक्रान्ति पर नहीं होता और अयनचलन की गति बराबर पिछली ओर को होते रहने के कारण इस समय (संवत् १९९४ वि० में) मकर संक्रान्ति से २२ दिन पूर्व धन राशि के ७

अंश २४ कला पर 'उच्च- रायण' होता है। इस परिवर्तन को लगभग १९५० वर्ष लगे हैं परन्तु पर्व मकरसंक्रान्ति के दिन ही होता चला आता है। इससे सर्वसाधारण की ज्योतिष शाखाननिशता का कुछ परिचय मिलता है, किन्तु शायद पर्व का चलते रहना अनुचित मान कर मकर संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो।

मकर-शंकान्ति के अवसर पर शीत अपने गौवन पर होता है। जना अर्थ-देश, काल और पात्र के अनुसार ही दिया हुआ दान 'सात्विक' कहलाता है। तथा-

**दरिद्रान्मर कौन्तेय मा प्रवच्छेश्वरे धनम्।**

अथ- हे अर्जुन ! दरिद्रों का पालन करो, पनियों को धन मत यो।

इन श्रीमद्भगवद्गीता के बचनों के अनुसार इस प्रवल शीतकाल में मकरसंक्रान्ति पर दीनों को कम्बल आदि का दान परम धर्म है।

पत्राव में मकरसंक्रान्ति के पहिले दिन लोदी का तेवहार मनाने की रीति है। इस अवसर पर स्थान २ पर होली के समान अनि प्रज्वलित की जाती हूँ और उनमें तपे हुए गन्ने भूमि पर पटका कर आनन्द मनाया जाता है। उससे अगले दिन वहां मकरसंक्रान्ति का भी उत्सव होता है, जिसको वहां 'माधी बोलते हैं। ज्ञात होता है कि यह दोनों दिन के लगा तार दो उत्सव न होकर दिनद्वयव्यापी मकरसंक्रान्ति महोत्सव के एक ही पर्व का अपभ्रष्ट रूप है। पञ्जाब के आर्यसामाजिक पुरुषों को चाहिए कि वे दो दिन तेवहार न मनाकर मकरसंकान्ति की तिथि को ही परिमार्जित रूप में इस पर्व को मनाएँ और आर्यसामाजिक जगत् में पर्वो की एका कारता स्थापित करने में सहायक हो।

**पद्धति**

गृह्यकृत्य-मकरसंक्रान्ति के दिन प्रातः सामान्यपर्वपद्धति में प्रद शित विधानानुसार गृह के परिमार्जन, शोधन तथा लेपन आदि के पआत् नवीन शुद्ध स्वदेशीष वख-परिधान पूर्वक सपरिवार सामान्य हवन करें, जिसके साकल्य में तिल और शर्करा को परिमाण प्रचुर होना चाहिए और आहुतियों की मात्रा स्वसामप्पांनुसार बढ़ा देनी चाहिए। निश्न लिखित हेमन्त और शिशिर ऋतुओं के वर्णन परक ऋचाओं से विशेष आहुतियां दी जांय।

**ओ३म सहञ्च सहस्यञ्च हैमन्तिकावृतू ।।**
**अग्नेरन्तः श्रेषोऽसि वाहा ।।**
**कल्पेताम्, पावापृथिवी स्वाहा ।।**

**कल्पन्ताम, आप ओषधयः स्वाहा ॥**

**कल्पन्ताम्, अग्नयः पृथङ्म ज्येष्ठधाय सत्रताः, स्वाहा ॥**

ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इये। हैमन्तिकावृत् अभिकल्पमाना इन्द्रमिव देवा अभिसंविशन्तु तथा देवतयाऽङ्गिर- स्वद् ध्रुवे सीदतम्, स्वाहा ॥

अजु० अ० १४ में० २७ ॥

ओ३म् तपश्च तपस्यञ्च शैशिरावृतू, अग्नेरन्तः श्लेषोऽसि स्वाहा ॥

कल्पेताम, द्यावापृथिवी स्वाहा ॥

कल्पन्ताम्, आप ओषधयः स्वाहा ॥ कल्पन्ताम, अग्नयः पृथङ्म ज्यैष्ठयाय सत्रताः, वांदा ॥ ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे हैमन्तिकावृतू इन्द्रभिव देवा अभिसंविशन्तु तया देवतयाऽङ्गिरस्त्वद् ध्रुवे सीदतम् स्वाहा ॥

यजुर्वेद अ०१५ मं०५० ॥

तत्पन्नात् तिल के लड्डू (तिलवे) होम पक्ष में समागत पुरुषों को हुतशेष के रूप में समर्पग किए जांय ओर स्ववित्तानुसार कम्बल सहित दीन-दुखियों को दाम दिए जांय ॥

सामाजिक कृत्य-अपराद्ध में सब आर्यसामाजिक पुरुष किसी प्रशस्त क्षेत्र में एकत्रित होकर दण्ड, बैठक और रस्सा खेंचना आदि के व्यायामों का प्रदर्शन करके उत्सब के आनन्द की वृद्धि करें।

# मकर तथा कुम्भ स्नान महात्म्यः

**जयप्रकाश शर्मा**
साहित्याचार्य, लिपि एवं पाण्डुलिपि विशेषज्ञ
समन्वयक - पद्म श्री नारायण दास पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

मकर तथा कुम्भ स्नान महात्म्यः' पौष शुक्ला पूर्णिमा से माघ शुक्ला पूर्णिमा तक माघ मेला और माघ स्नान होता है। माघ कृष्णा एकादशी मौनी अमावस, बसन्त पञ्चमी, माघ शुक्ला एकादशी और माघ शुक्ला पूर्णिमा ये स्नान के पर्व दिन हैं। यदि दीन क्षीण मनुष्य इन दिनों में वीस दिन भी स्नान कर ले तो वह दीर्घजीवी और लक्ष्मीवान् बनता है। माघ में होम दान और तप यह तीन बातें ही मुख्य हैं। इनके करने से अनन्त फल मिलता है। माघ स्नान एक मास अन्न त्याग कर दान तपस्या करते हुए करना चाहिए। प्रजा के लिए सकाम भाव से भगवान को प्रसन्न करने के निमित्त सात्विक भाव से शारीरिक शुद्धि के लिये श्रद्धाभाव से या अन्य वस्तु प्राप्ति की इच्छा से यह स्नान किया जाता है।

पद्मपुराण के उत्तर खण्ड में लिखा है-सैकड़ों पापों से घिरा मनुष्य यदि माघ में जब मकर राशि को सूर्य भोगते हों त्रिवेणी के श्वेत श्याम जल में स्नान करे तो उसे फिर गर्भ धारण नहीं करना पड़ता। यदि माघ मास में कसाई भी संगम में स्नान कर लेता है तो, उसे परम पद मिलता है। गुप्त रूप से मिली हुई सरस्वती मय जो सितासित त्रिवेणी की धारा है उसे ब्रह्मा ने विष्णु लोक का मार्ग बना दिया है। मलीन मेघमाला के हटने पर जिस तरह शरद का चन्द्रमा देदीप्यमान होता है उसी प्रकार संगम में स्नान करने से मनुष्य भी सर्व पापों से मुक्त हो जाता है और वह दिव्य देह प्राप्त करता है। मकर संक्रांति को शुद्ध अन्तःकरण और एकाग्र चित्त से नीचे लिखे मन्त्र का उच्चारण करते हुए मौन रख कर स्नान करना चाहिये।

**मकरस्थे रवौ माघे गोविन्दाच्युत माधवः ।**
**स्नानेनानेन मो देव यथोक्त फलदो भवः ।।**

# कुम्भस्नाने महाफलम्

**विदुषामनुचर**
**गोपीनाथ पारीक गोपेश'**
अध्यक्ष राजस्थान आयुर्वेद विज्ञान परिषद्
एवं साहित्य-सरोवर संस्था , जयपुर

इस विशाल देश की संस्कृति का नाम सनातन संस्कृति है क्योंकि यह संस्कृति किसी मानव द्वारा स्थापित नहीं है, अपितु सनातन ईश्वर द्वारा स्थापित है। इस संस्कृति के साथ हिन्दु शब्द भी जोड़ दिया गया है, अतः इसे हिन्दू संस्कृति भी कहते हैं। हिन्दू की विस्तृत व्याख्या में यह परिभाषा भी समाहित है-

**भूतानुकूल्यं भजते स वै हिन्दुरिति स्मृतः ।**
**हिंसया दूयते चित्तं तेन हिन्दुरितीरितः ॥**

अर्थात् जो सदा सब जीवों के अनुकूल बर्ताव को अपनाता हो और जिसका चित्त हिंसा से दुखी होता हो, वह हिन्दू कहा गया है।

श्रीयुत सी० राजगोपालाचारी ने तो इस हिन्दू संस्कृति को विश्वसंस्कृति तक कहा है - हिन्दू संस्कृति भारतीय संस्कृति है और भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण जगत् की संस्कृति है। किसी भी जाति अथवा राष्ट्र के शिष्ट पुरुषों में विचार, वाणी एवं क्रिया का जो रूप व्याप्त रहता है, उसी का नाम संस्कृति है। विचार, वाणी एवं क्रिया के जिस आदर्श को हिन्दू संस्कृति के नाम से पुकारा जा सकता है, उसका स्वरूप है उपनिषदों एवं इतिहासों में दिये गये शिष्ट उपदेशों के अनुकूल जीवन को बनाना।

धर्म और जीवन का मेल हिन्दू संस्कृति के आग्रह का विषय है। धारणात्मक नियमों की समुचित संज्ञा ही धर्म है। धर्म और चैतन्य का धरातल एक ही होने से इस हिन्दू संस्कृति के स्थान पर धर्म शब्द का भी प्रयोग हुआ है।

हमारे सनातन हिन्दू धर्म में व्रतों का एवं पर्वो का बड़ा महत्त्व है। ये व्रत-पर्व हमें अन्तर्मुख होने की प्रेरणा प्रदान

करते हैं। व्रत जो प्रायः व्यक्ति परक होते हैं और पर्व प्रायः समूह परक होते हैं। व्रतों से स्वास्थ्य लाभ के अतिरिक्त मानसिक शान्ति और ईश्वर की भक्ति प्राप्त होती है वहाँ पर्वों से उक्त लाभों के अतिरिक्त आनन्द और उल्लास का भी परिलाभ मिलता है। भारतीय पर्वों में इस आनन्द और उल्लास की परिव्याप्ति होती है। ये पर्व सम्पूर्ण समाज में एक नई चेतना का संचार करते हैं। ये पर्व सामूहिक उल्लास से परिपूर्ण होने के कारण जीवन की नीरसता को दूर कर उसे आनन्द से परिपूर्ण कर देते हैं। ये पर्व हमें हमारे उच्च दायित्वों का निर्वाह करने की भी प्रेरणा देते हैं। इन पर्वों से आचार एवं विचार में शुचिता आती है। आचार का अर्थ सामाजिक आचारण है तो विचार का अर्थ मान्यतायें हैं। **'संगच्छध्वं संवदध्वं संनो मनांसि जानताम्'।** यह वेद वाक्य सामूहिक आचारविचारों की भावना का उद्घोष है। अतः हमें इन पर्वों को आदरपूर्वक स्वीकार करना चाहिये। जो इनका सम्मान नहीं करता उसे अधम कहा गया है-

**स्वस्य देशं तथा पर्वं भाषां धर्मं च संस्कृतिम् ।**
**सम्मानयति नो यस्तु ततः कोऽस्त्यधमाधमः ॥**

-राष्ट्रस्मृति

पर्व का अर्थ है - गाँठ अर्थात् सन्धिकाल । हिन्दू संस्कृति के पर्व सदा सन्धिकाल में ही पड़ते हैं। पूर्णिमा, अमावस्या और संक्रान्ति कालों को शास्त्रों में पर्व कहा गया है क्योंकि ये सब सन्धिकाल है। सूर्य-संक्रमण में परिवर्तन होने से संक्रान्ति को भी पर्व कहा गया है। वैसे तो सूर्य का बारह राशियों में क्रमशः संक्रमण करने के कारण बारह संक्रान्ति काल होते हैं किन्तु इनमें कर्क संक्रान्ति एवं मकरसंक्रान्ति का विशेष महत्त्व है। इनमें कर्कसंक्रान्ति सूर्य के दक्षिणायन और मकरसंक्रान्ति सूर्य के उत्तरायण होने की द्योतक है।

दक्षिणायन में रात्रि बड़ी होने से अन्धकार की अधिकता होती है और उत्तरायण में दिन बड़े होने से प्रकाश की अधिकता होती है। शास्त्रों में प्रकाश को देवतत्त्व तथा अन्धकार को असुर तत्त्व माना गया है अतः उत्तरायण को देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है। इस प्रकार उत्तरायण प्रकाश प्रधान होने से शुभ कार्यों के लिए प्रशस्ततर है। शरशय्या पर पड़े हुये भीष्म पितामह प्राण त्यागने हेतु उत्तरायन की प्रतीक्षा करते रहे। मकरसंक्रान्ति जो इस उत्तरायन की संक्रान्ति है, देवताओं के दिनारम्भ का दिवस होने से सर्वोत्तम मानी जाती है। इस दिन तीर्थ स्नान और दान-पुण्य करने का बहुत महत्त्व है।

प्रत्येक सन्धिकाल जहाँ पर्व की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है वहाँ शरीर की दृष्टि से भी सावधानी रखने योग्य है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में दो ऋतुओं में से एक ऋतु का अन्तिम सप्ताह और अन्य ऋतु का प्रथम सप्ताह कृति सन्धि नाम से

वर्णित है। इस ऋतु सन्धिकाल में क्रमशः पूर्व ऋतु की विधि का त्याग और क्रमशः दूसरी ऋतु की विधि के सेवन का निर्देश है। ऐसे समय संयम की विशेष आवश्यकता होती है। इसी प्रकार उक्त भारतीय पर्वों में भी संयम, संस्कार और समर्पण के भावों का होना आवश्यक है। इनके बिना ये पर्व निष्फल हो जाते हैं।

शास्त्रों के अनुसार ये पर्व तीन प्रकार के होते हैं - नित्य, काम्य और नैमित्तिक। दीपावली, होली आदि नित्य पर्व कहे जाते हैं। किसी कामना विशेष को लेकर किये गये पर्व काम्य होते हैं। इनके अतिरिक्त कुछ पर्व ऐसे होते हैं जो किसी निमित्त से आते हैं ये नैमित्तिक होते हैं। ये किसी योग विशेष से अथवा किसी घटना से पड़ने वाले पर्व नैमित्तिक होते हैं, - ग्रहण, कुम्भ आदि ऐसे ही पर्व हैं। इनमें कुम्भ दिव्य पर्व होने से महापर्व है, जो सूर्य, चन्द्र एवं वृहस्पति के विशेष संयोग पर आता है।

कुम्भपर्व एक सार्वभौम महापर्व है। कुम्भमेला भारत का सबसे बड़ा मेला है। कुम्भ का अर्थ घट कलश के अतिरिक्त विश्वब्रह्माण्ड भी है। अतः जहाँ विश्व भर के धर्म, जाति, भाषा आदि का एकत्र समावेश हो वहीं कुम्भ मेला है।

# वैदिक साहित्य में प्रयागराज महत्त्व

## प्रयाग शब्दस्य व्युत्पत्तिः

**इज्यते हविर्दीयिते अत्र यज् धातोः यजयाचयत विच्छ प्रच्छो नङ्इति पाणिनि सूत्रेण नङ्प्रत्ययात् जातः याग शब्दः ।**

**अर्थात हविः द्रव्य विशेषैः रामं कृष्णं नारायम् कश्चिद् देवं वा लोक कल्याणार्थाय सं तर्पयति सः यागः कश्चित् कार्यं विशेषः । प्रकर्षेण इज्यतेऽत्र इति प्रयागः । असौ भगवद्दर्शनं भवति ।**

**शंखस्मृति (१४ वां अध्याय)** प्रयाग में पितरों के निमित्त जो कुछ दिया जाता है, उसका फल अक्षय होता है। गंगा और यमुना के तीर का दान अनन्त फल देता है।

**महाभारत (आदि पर्व -५५ वां अध्याय)** प्रयाग में सोम, वरुण और प्रजापति का जन्म हुआ था।

**महाभारत (वनपर्व ८४ वां अध्याय)** जो पुरुष गंगा और यमुना के संगम में स्नान करता है, उसको १० अश्वमेध का फल होता है, और उसके कुल का उद्धार होजाता है। प्रयाग में देवताओं के साथ विष्णु निवास करते हैं।

**महाभारत (वनपर्व ८५ वां अध्याय)** जिस जगह गंगा और यमुना मिली हैं. वह स्थान पृथ्वी की जंघा है। प्रयाग पृथ्वी की योनि है। प्रयाग, प्रतिष्ठानपुर (अंसी) कम्चलाश्वतर तीर्थ और भोगवती यह ब्रह्मा की बेदी हैं। यहां ऋषिगण ब्रह्मा की उपासना करते हैं। मुनि लोग तीनलोक के तीर्थों में प्रयागको अधिक कहते हैं। यहां राजा वासुकी [ सर्प] का भोगवती नामक स्थान है। प्रयाग ही में गंगा के तट पर दशाश्वमेध नामक तीर्थ है।

गंगास्नान का फल कुरुक्षेत्र के फल के समान है, पर कनखल में विशेष और प्रयाग में बहुत अधिक है। इसी तरह जयपुर गलता स्नान का फल भी अक्षुण्य है। जहाँ पर श्री संप्रदायाचार्य ज.गु.स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जी के प्रशिष्य श्री कृष्णदास पयहारी जी संस्थापित पीठ श्री कीलदेवाचार्य के नाम से श्री कील जी के द्वारे के नाम से विख्यात है।

महाभारत (वनपर्व ८७ वां अध्याय) लोक-विख्यात गंगा और यमुना के संगम पर पूर्वसमय में ब्रह्मा ने यज्ञ किया था, इसी से इसका नाम प्रयाग हुआ। यहां तपस्वियों से संवित तापसवन तीर्थ है।

महाभारत (उद्योगपर्व-११४ वां अध्याय) गालव ऋषि गरुड़ को साथ ले कर प्रतिष्ठानपुर में राजा ययाति के समीप आए। राजा ने पुत्र उत्पन्न कराने के लिये माघवी नामक अपनी कन्या मुनि को दी। इन गालवऋषि की तपो स्थली राजस्थान जयपुर गलता तीर्थ रही है, जो वर्तमान में रामानन्द सम्प्रदाय की पीठ है।

महाभारत (अनुशासनपर्व-२५ वां अध्याय) माघ के महीने में ३ करोड़ १० हज़ार तीर्थ प्रयाग में एकत्र होते हैं। उस मास में व्रतवान् होकर प्रयाग में स्नान करने से मनुष्य निष्पाप होकर स्वर्ग लोक पाता है। गंगा यमुना के तीर्थ में एक मास स्नान करने से १० अश्वमेध का फल मिलता है।

# कुंभस्नानविधिः

**महन्त हरिशंकर दास 'वेदान्ती'**
अध्यक्ष
मन्दिर श्री रघुनाथ जी, जयपुर

वपनसामान्योदकेनस्नानादि कृत्वा तटमागत्याचम्य प्राणानायम्य। पुण्डरीकाक्षाय नमः इति त्रिवारं स्मृत्वा।

**संकल्पः** - देशकालौ संकीर्त्य तीर्थे कुंभस्नानस्य शास्त्रोक्तफल प्राप्त्यर्थं आत्मनःशुद्धिकामोहं श्रीपरमेश्वप्रीत्यर्थं तीर्थे कुंभस्नानमहं करिष्ये।(काम्य संकल्प आचार्य के निर्देश अनुसार करें)

**तीर्थ वन्दन स्नानानुज्ञां प्रार्थयेत् -**

नमोऽस्तु देवदेवाय शितिकण्ठाय वेधसे।
रुद्राय चापहस्ताय दण्डिने चक्रिणे नमः।।

(इमं मन्त्रं समुच्चार्य तीर्थस्नानंसमाचरेत्।
अन्यथा तत्फलस्यार्धं तीर्थेशो हरति ध्रुवम्।। )

सरस्वती च गायत्री वेदमाता गरीयसी।
सन्निधात्री भव त्वं च सर्वपापप्रणाशिनी।।

यद्वा सागर निर्घोष दण्डहस्तासुरान्तक।
जगत्स्रष्टर्जगन्मित्र नमामि त्वां सुरान्तक।।

तीक्ष्णदंष्ट्रमहाकाय कल्पान्तदहनोपम।
भैरवाय नमस्तुभ्यमनुज्ञां दातुमर्हसि।।

उत्तिष्ठन्तु महाभूता ये भूता भूमिवासिनः।
भूतानामविरोधेन स्नानकर्म समारभे।।

अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता तीर्थदूषकाः।
ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥

पुष्कराद्यानि तीर्थानि गंगाद्याः सरितस्तथा।
आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम॥

त्वं राजा सर्वतीर्थानां त्वमेव जगतःपिता।
याचितं देहि मे तीर्थं तीर्थराज नमोऽस्तु ते॥

अपामधिपतिस्त्वं च तीर्थेषु वसतिस्तव।
वरुणाय नमस्तुभ्यं स्नानानुज्ञां प्रयच्छ मे॥

अधिष्ठात्र्यश्च तीर्थानां तीर्थेषु विचरन्ति याः।
देवतास्ताः प्रयच्छन्तु स्नानाज्ञां मम सर्वदा॥

इमं मन्त्रं समुच्चार्य तीर्थस्नानं समाचरेत् ।
अन्यथा तत्फलस्यार्धे तीर्थेशो हरति ध्रुवम् ॥

**कुम्भस्वरूपध्यानम्-**

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।
मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः॥

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुंधरा॥
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः॥
अङ्गैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बुसमाश्रिताः॥

पूजनम् - कुम्भस्थदेवताभ्यो नमः सकलपूजार्थे पूष्पाणि समर्पयामि ।

**कुम्भं प्रार्थयेत्-**

देवदानवसंवादे मथ्यमाने महोदधौ॥
उत्पन्नोसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।

त्वत्तोये सर्वतीर्थानि देवाः सर्वे त्वयि स्थिताः।
त्वयि तिष्ठन्ति भूतानि त्वयि प्राणाः प्रतिष्ठिताः॥

शिवः स्वयं त्वमेवासि विष्णुस्त्वं च प्रजापतिः।
आदित्या वसवो रुद्रा विश्वेदेवाः सपैतृकाः।।

त्वयि तिष्ठन्ति सर्वेऽपि यतः कामफलप्रदाः।
त्वत्प्रसादात्  कुंभस्नानं कर्तुमीहे जलोद्भव।।
सान्निध्यं कुरु मे देव प्रसन्नो भव सर्वदा।।

**स्नानान्त तर्पण**

**देवता–**

भूर्लोकस्थ देवान् तर्पयामि।
भुवर्लोकस्थ देवान् तर्पयामि।
स्वर्लोकस्थ देवान् तर्पयामि।
त्रैलोक्यस्थ देवान् तर्पयामि।

**ऋषि–**

भूर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।
भूर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।
भुवर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।
भुवर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।

स्वर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।

स्वर्लोकस्थ ऋषीन् तर्पयामि।

त्रैलोक्यस्थ ऋषीन् तर्पयामि।
त्रैलोक्यस्थ ऋषीन् तर्पयामि।

**पितृ–** (सच्छूद्र तक की चातुर्वर्णिक जातियाँ ही पितरों का तर्पण करें)

भूर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
भूर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
भूर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।

भुवर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
भुवर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
भुवर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।

स्वर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
स्वर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।
स्वर्लोकस्थ पितॄन् तर्पयामि।

त्रैलोक्यस्थ पितॄन् तर्पयामि।
त्रैलोक्यस्थ पितॄन् तर्पयामि।
त्रैलोक्यस्थ पितॄन् तर्पयामि।

**सव्य होकर यक्ष्मातर्पण** (नदी का जल लेकर मन्त्र पढ़कर तट पर डालना है)–

यन्मया दूषितं तोयं शारीरमल सम्भवात्।
तद्दोषपरिहारार्थं यक्ष्माणं तर्पयाम्यहम्॥

तटपर आकर सच्छूद्र तक के विशुद्ध चातुर्वणिको को अपनी शिखा निचोडनी चाहिये -

लता गुल्मेषु वृक्षेषु पितरो ये व्यवस्थिताः।
ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मयोत् सृष्टैः शिखोदकैः॥

स्नानवस्त्र को चौगुना करके वस्त्र की किनारी ऊपर की और रहे इस तरह दोंनों हाथ से वस्त्र निचोडे -

ततो स्नावस्त्रं चतुर्गुणं कृत्वा निष्पीडनम् -

**अर्घ्यदान-**

एहि सूर्य !सहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते।
अनुकम्पय मां देव गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥

विष्णवे नमो विष्णवे नमो विष्णवे नमः॥

कुंभस्नानसाङ्गतासिद्ध्यर्थं ब्राह्मणेभ्यो दक्षिणां दत्वा दीनानाथेभ्यः यथोत्साहेन तोषयेत्॥

# स्कन्द पुराण में कुम्भोत्पत्ति की कथा

**श्रीमती अंजना शर्मा**
पुरातत्वविद्, अभिलेख व लिपि विशेषज्ञ
प्रबन्धक - देवस्थान विभाग, जयपुर, राजस्थान सरकार

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कलशोत्पत्तिमुत्तमाम् ।
उत्तरे हिमवत्पार्श्वेक्षीरोदो नाम सागरः ॥ १ ॥

आरब्धं मन्थनं तत्र देवैर्दानवपूर्वकैः ।
मन्थानं मन्दरं नेत्रं कृत्वा तु वासुकिम् ॥ २ ॥

मूले कूर्मन्तु संस्थाप्य विष्णोर्बाहू च मन्दरे ।
एकत्र देवताः सर्वे बलिमुख्यास्तथैकतः ॥ ३ ॥

मथ्यमाने तदा तस्मिन् क्षीरोदे सागरोत्तमे ।
उत्पन्नं गरलं पूर्वं शम्भुना भक्षितं च तत् ॥ ४ ॥

अथ स्वास्थ्यं गते लोके प्रकथ्यन्तेऽद्य तानि हि ।
उत्पन्नानि च रत्नानि यानि तत्र महान्ति च ॥ ५ ॥

विमानं पुष्पकं पूर्वमुत्तमं हंसवाहनम् ।
नाग ऐरावतश्चैव पादपः पारिजातकः ॥ ६ ॥

वीणावाद्यान्तरं चैव रम्भा नृत्यगुणान्विता ।
मणिरत्नं कौस्तुभाख्यं बालचन्द्रस्तथैव च ॥ ७ ॥

कुण्डलानि धनुश्चैव गावः पञ्च शिवास्तथा ।
लक्ष्मीः सुरूपा यमुना सुशीला सुरभिस्तथा ॥ ८ ॥

उचैःश्रवाः समुत्पन्नो लक्ष्मीश्च वरवर्णिनी ।
तथा धन्वन्तरिर्देवो विश्वकर्मा कलाविदः ॥ ९ ॥

कलशश्च समुद्भूतो धन्वन्तरिकरोल्लसन्।
सुखान्तं सुधया पूर्णः सर्वेषां हि मनोहरः ॥ १० ॥

अजितस्य पदाम्भोज कृपयैव समुद्गतम्।
क्षीराब्धिलोडनोद्भूतं कलशान्तेन्द्ररत्नकम् ॥ ११ ॥

दृष्ट्वा तु तत्क्षणादेव महाबलपराक्रमः।
जयन्तोऽमृतमादाय गतो देवप्रचोदितः ॥ १२ ॥

देवकर्मसमालोक्य तदा दैत्यपुरोधसा।
नागोच्छवासप्रव्यथिता दैत्याः शुक्रेण सूचिताः ॥ १३ ॥

जग्मुस्ते पृष्ठतो लग्ना भीतः सोऽपि पलायितः।
दिशो दश दिवारात्रं द्वादशाहं प्रपीड़ितः ॥ १४ ॥

दैत्यैर्गृहीतस्तद्धस्तात् तेनापि पुनेरव सः।
अहं पिबेयं पूर्वं तु न त्वञ्चेति विचुक्र शुः ॥ १५ ॥

एवं विवदमानेषु काश्यपेषु सुधाग्रहे।
भगवान् मोहयित्वा तान् मोहिन्या विभजत् सुधाम् ॥ १६ ॥

विवादे काश्यपेयानां यत्र यत्रावनिस्थले।
कलशो न्यपतत्तत्र कुम्भपर्व तदोच्यते ॥ १७ ॥

गुर्वीन्द्वर्कस्वपुत्रैश्च कुम्भोऽरक्षि निपातितः।
कलहाक्रान्तचेतोभिर्दैत्यैः शुक्रप्रचोदितैः ॥ १८ ॥

चन्द्रः प्रस्रवणाद्रक्षां सूर्यो विस्फोटनाद्दधौ।
दैत्येभ्यश्च गुरू रक्षां शौरिदेवेन्द्रजाद् भयात् ॥ १९ ॥

सूर्येन्दुगुरुसंयोगस्तद्राशौ यत्र वत्सरे।
सुधाकुम्भप्लवे भूमौ कुम्भो भवति नान्यथा ॥ २० ॥

देवानां द्वादशाहोभिर्मर्त्यैर्द्वादशवत्सरैः।
जायन्ते कुम्भपर्वाणि तथा द्वादश संख्यया ॥ २१ ॥

**तत्राघनुत्तये नृणां चत्वारो भुवि भारते।**
**अष्टौ लोकान्तरे प्रोक्ता देवैर्गम्या न चेतरैः॥ २२॥**

**तान्येति यः पुमान् योगे सोऽमृतत्वाय कल्पते।**
**देवा नमन्ति तत्र स्थान् यथा रङ्का धनाधिपान्॥ २३॥**

**पृथिव्यां कुम्भयोगस्य चतुर्धा भेद उच्यते।**
**विष्णुद्वारे तीर्थराजेऽवन्त्यां गोदावरीतटे॥**
**सुधाविन्दुविनिक्षेपात् कुम्भपर्वेति विश्रुतम्॥ २४॥**

(स्कन्द पुराण)

पूर्वकाल में पृथिवी के उत्तर-भाग में हिमालय के समीप 'क्षीरोद' नामक समुद्र के किनारे देवता और दानवों ने उसका मन्थन किया, जिसमें मन्थराचल 'मन्थन-दण्ड' था, वासुकी 'नेती' थे, कच्छप-रूपधारी भगवान् मन्दराचल के पृष्ठभाग थे और भगवान् विष्णु उक्त मन्थन दण्ड को पकड़े हुए थे, पश्चात् उस क्षीरसागर से चौदह रत्न निकले- लक्ष्मी, कौस्तुभ, पारिजात, सुरा, धन्वन्तरि, चन्द्रमा, गरल, पुष्पक, ऐरावत, पांचजन्य शंख, रम्भा, कामधेनु, उच्चै:श्रवा और अमृत-कुम्भ, उन्हीं रत्नों में से अमृत-कुम्भ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इन्द्रपुत्र 'जयन्त' अमृत कलश को छीनकर आकाश में उड़ गया। पश्चात् दैत्यगुरु शुक्राचार्य के आदेशानुसार दैत्यों ने अमृत को वापिस लेने के लिए जयन्त का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयन्त को पकड़ा। पश्चात् अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में बारह दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। परस्पर इस मारकाट के समय में पृथिवी के चार स्थानों (प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक) पर कलश गिरा था, उस समय चन्द्रमा ने घट से प्रस्त्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शशि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शान्त करने के लिए भगवान् ने मोहिनीरूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बाँट कर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अन्त किया गया।

अमृत-प्राप्ति के लिये देव-दानवों में परस्पर बारह दिन पर्यन्त निरन्तर युद्ध हुआ था, अतः देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। कुम्भ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुम्भ पृथिवी पर होते हैं और अवशिष्ट आठ कुम्भ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहाँ पहुंच नहीं है। जिस समय में चन्द्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की वर्तमान राशियों पर रक्षा करने वाले चन्द्र सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय कुम्भ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष जिस राशि पर सूर्य, चन्द्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है उसी वर्ष उसी राशि के योग में जहाँ-जहाँ अमृत-कुम्भः गिरा था वहाँ-वहाँ कुम्भ-पर्व होता है।

# प्रयाग महात्म्य:

**श्रीमती प्रतिभा गर्ग**
अध्यक्ष
श्री अगरचन्द नाहटा शोध संस्था, बीकानेर

**वन्दना**

**शुण्डा दण्डे मोदकं धारयन्तं, करणोच्चालैः पयदा वारयन्तं।**
**नेत्र प्रान्ते सच्चिदानन्द दन्तं, वन्देऽहं श्री विघ्ननाशं गणेशं॥**

जहाँ गङ्गा है गोविन्द वहीं, गोविन्द जहाँ वहाँ गङ्गा है।
गङ्गा गोविन्द के दर्शन से, घन धाम पवित्र मन चङ्गा है॥
जन मन से घन से भक्ती से, सेवा कर उस सुखदाई की।
जीवन पवित्र हो जायगा, जय बोलो गङ्गा माई की॥

जिस समय धर्मक्षेत्र रणभूमि से विजय लक्ष्मी ग्रहण कर युधिष्ठिरजी महाराज अपनी राजधानी हस्तिनापुर में आकर बसे; और राज वैभव तथा आनन्द का उपभोग करने लगे उस समय अनायास एक दिन दुर्योधनादि भाताओं के वियोग के कारण शोक सागर में निमग्न हुए धर्म धुरन्धर महाराज युधिष्ठिरजी कोई ऐसा मार्ग, जप, तप, तीर्थ, स्नान, योग जानने की चिन्ता करने लगे जिससे पाप क्षय हों और चित्त को धैर्य्य तथा शान्ति मिले। इतने में काशी आदि तीर्थों में भ्रमण करते हुए महर्षि मारकण्डेयजी हस्तिनापुरी की राज सभा में आये। मारकण्डेयजी को आता देख सब ने उठ कर साष्टांग दण्डवत की। युधिष्ठिरजी बोले ! आज मेरा जन्म सफल हुआ, मेरे अहोभाग्य हैं जो आपने मुझे घर बैठे दर्शन दिये और मुझे शोक- सागर में डूबने से बचाया।

तत्पश्चात् सर्व प्रथम ऋषिवर के चरण धो पादोदक लिया और आतिथ्य सत्कार कर आदर पूर्वक आसन पर बिठा, अपने शोक निवृत्ति का उपाय पूछने लगे। सब वृतान्त सुनने के पश्चात् मारकण्डेय जी बोले हे राजन् ! क्षत्रियों

को क्षात्रधर्म ग्रहण कर युद्ध करने तथा योद्धाओं को मारने से कभी पाप नहीं लगता इस लिये आप शोक को त्याग दीजिये और भ्रातृ वियोग तथा पापों के क्षय के लिये तीर्थ स्नान कीजिये। यह सुन राजा बड़े प्रसन्न हुए और हाथ जोड़ कर उत्तमोत्तम और पवित्र तीर्थ का नाम पूछने लगे।

मारकण्डेय जी बोले ! राजन् सब तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ श्री प्रयागराज है। जहाँ के स्नान दान, कल्पवास और देह त्याग करने से मनुष्य सब पातकों से मुक्त होकर अनन्त फल पाता है। यह सुन साक्षात् धर्ममूर्ति युधिष्ठिरजी महाराज भगवान् मारकण्डेयजी से शंका-समाधान करने लगे। महाराज आप अन्य तीर्थों के अतिरिक्त प्रयागराज की अत्यधिक प्रशंसा क्यों करते हैं ? यह सुन कर मारकण्डेयजी कहने लगे। राजन् सुनिये ! प्रलय काल के समय जब सूर्य,चन्द्र, पवन आदि सब नष्ट प्रायः हो जाता है और केवल समुद्र ही शेष रह जाता है, उस समय स्वयं विष्णु भगवान् अक्षय-वट तले शयन करते हैं और देव ऋषि, गंधर्व, सिद्ध, चारण, ब्रह्मा, रुद्र, दिग्गज, पितृ, नाग, पवित्र सरिता और सम्पूर्ण तीर्थ यहीं आकर विष्णु भगवान् के निकट विराजते हैं।

हे शूर शार्दूल भूपति प्रयागराज से पुनीत क्षेत्र त्रिलोकी में भी दूसरा कोई नहीं है। तीर्थराज का केवल नाम श्रवण करने से ही पाप रूपी पक्षी पलायन कर जाते हैं और नाम संकीर्तन से तो महापातक नष्ट हो जाते हैं। प्रयाग क्षेत्र की रज एवं गङ्गा, यमुना सरस्वती तथा त्रिवेणी स्पर्शित वायु के स्पर्श मात्र से प्राणी घोर पापों से मुक्त हो जाता है। त्रिवेणी पर अभिषेक करने से राजसूय और अश्वमेध यज्ञ के समान फल मिलता है। हे कुरुनन्दन साठ करोड़ दश हजार तीर्थ प्रयागराज के समीप हैं। प्रयाग में प्राण त्याग. करने से जो गति योगियों की होती है वही उस प्राणी की होती है। और वह कैवल्य पद को प्राप्त होता है, जो देवताओं को भी दुर्लभ है। हे राजन् अक्षयवट के पास वास करने और प्राण त्याग करने से ब्रहा लोक मिलता है और जब उसका पुण्य क्षय हो जाता है तो वह किसी धनाढ्य के यहाँ जन्म लेकर सांसारिक सुख भोगता है और लक्ष्मी उसकी दासी बन कर रहती है।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**स्व. आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**धनमेव न सर्वस्वं, तत् श्रेष्ठा मनुष्यता ।**
**धनार्थं नैव नाश्याऽस्ति, दुर्लभा स्व–मनुष्यता ॥२२६॥**

धन ही सब कुछ नहीं होता है। उस धन से भी श्रेष्ठ मनुष्यता होती है। धन के लिये दुर्लभ अपनी मनुष्यता को नष्ट नहीं करना चाहिये।

Wealth is not everything. Humanity is higher than wealth. Our rare humanity should not be destroyed because of wealth.

**धनं नास्ति यदा पार्श्वे, तदा कोऽपि न पृच्छति ।**
**तस्माद् व्यर्थो व्ययस्तस्य, करणीयः कदापि न ॥२२७॥**

जब पास में धन नहीं होता है तो व्यक्ति को कोई भी नहीं पूछता है। अतः व्यर्थ व्यय उस धन का कभी नहीं करना चाहिये।

Nobody asks about a person who has no money. Therefore, money should be not wasted.

**धन्या वीर–सुपुत्रास्ते, ये विदेशि–प्रशासनात् ।**
**भारत – मातरं स्वीयां, प्राणोत्सर्गैर्व्यमोचयन् ॥२२८॥**

वे वीर सपूत धन्य हैं जिन्होने विदेशियों के प्रशासन से अपनी भारत माता को प्राणदान से छुड़वाया।

Blessed are those brave sons who gave their lives to free Bharat Mata from the foreigners.

**धन्यास्ते मानवं देहं, सम्प्राप्य पशुवन्न ये ।**
**नाशयन्ति तुच्छकृत्यैर्, जीवन्ति ससुखं च ये ॥२२९॥**

वे व्यक्ति धन्य हैं जो मानव शरीर पाकर उसको पशुओं के समान तुच्छ कार्यों से नष्ट नहीं करते हैं और सुख के साथ जीते रहते हैं ।

Blessed is the one who does not waste this human body, like an animal doing insignificant work, and lives happily.

**धर्मः प्रदशनीयो न, पालनीयः सदा हि सः ।**
**पालितो हितकारी स, कष्टदः स प्रदर्शितः ॥२३०॥**

धर्म प्रदर्शन करने की चीज नहीं है, वह तो सदा ही पालनीय है । पालन किया हुआ वह धर्म हितकारी होता है तो प्रदर्शन किया हुआ कष्टकारी ही होता है ।

Religion is not something to be shown; it is to be lived. Living religion is beneficial and theatrical one is troublesome.

**धर्म–नाम्ना कियन्तो न, दुराचारा भवन्ति हि ?।**
**ईश्वरोऽपि न तान् रुन्धे, तस्येच्छा ज्ञायते नहि॥२३१॥**

धर्म के नाम से कितने दुराचार नहीं पनप रहे ? ईश्वर भी उनको नहीं रोकता । उसकी इच्छा ज्ञाता नहीं होती ।

How many misconducts don't flourish in the name of the religion? Not even God is stopping it. God's will is unknown.

**धर्मार्थं ये नियुध्यन्ते, पापं ते कुर्वते नहि ।**
**धर्मः संरक्षितस्तैस्तु, तेषां शं कुरुते सदा ॥२३२॥**

जो धर्म के लिये युद्ध करते हैं वे पाप नहीं करते हैं । उनके द्वारा रक्षा किया हुआ धर्म तो सदा उनका कल्याण ही करता है ।

Those who fight in the name of the religion do not sin. The religion protected by them always does well for them.